मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

बिहार मैथमेटिकल सोसायटी ने दिया सम्मान

डीईओ को सम्मानित करते डॉ. विजय कुमार व अन्य।

भास्कर न्यूज | लखीसराय

बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के संयोजक डॉ विजय कुमार ने सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, डॉ विजय कुमार, जिला संयोजक अरविंद कुमार भारती और डॉक्टर मंजय कश्यप ने सम्मिलित रूप से मिशन गुणवत्ता समिति के वरीय सदस्य एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुनीन्द्र झा को मोमेंटो और प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संयोजक डॉ विजय कुमार ने गणित के सरलीकरण और सरलीकरण पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मिशन गुणवत्ता समिति एवं मैथमेटिकल सोसायटी के क्रियाकलापों के बारे में उन्होंने विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा उपलब्धियों को बताया। डीईओ ने मैथमेटिकल सोसायटी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर कला एवं सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ मनजय कश्यप को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

ता अशोक
ग जमुई के
मुर्सलीन,
सहायक
कनीय
वम कुमार
समाजसेवी
संह, प्रमोद
, संजीत
अन्य लोग

से हजारों लोगों की बढ़ी परेशानी

ने
क
क्षा
क
ार
य
री
भी
वं
को
क
सी
का
हो
ता
क

टैलेंट सर्च के सफल अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह तीन को

जासं, पटना : बिहार मैथमेटिकल सोसाइटी और पूर्व-मध्य रेलवे, हाजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में तीन अप्रैल को अधिकारी क्लब, पूर्व-मध्य रेलवे, महेंद्रू घाट पटना में टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल में सफल अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। इस ओलंपियाड में कक्षा छह से 12 के लिए सफल 110 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सोसायटी के संयोजक डॉ. विजय कुमार ने बताया कि सम्मान समारोह में रेलवे के महाप्रबंधक ललितचंद्र त्रिवेदी मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पूर्व डीजीपी अभ्यानंद व पद्मश्री एचसी वर्मा भी रहेंगे।

भुगतान पर रोक लगा दी गई है। यह

सबसे अधिक जिन विभागों से बिल

मैथेमेटिकल टेस्ट : सफल अभ्यर्थी होंगे सम्मानित

पटना | वरीय संवाददाता

बिहार मैथेमेटिकल सोसाइटी एवं पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में तीन अप्रैल को अधिकारी क्लब, पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रू घाट पटना में टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिकल में सफल अभ्यर्थियों सम्मानित होंगे।

इस ओलम्पियाड में कक्षा 6 से 12 के लिए सफल 110 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाना है। इसके अतिरिक्त ओलंपियाड के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण में सम्मिलित जिला पदाधिकारी, प्रोफेसर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सदस्य बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि ललित चन्द्र त्रिवेदी, जीएम, पूर्व मध्य रेलवे होंगे।

पुरस्कार

- कक्षा छह से 12 के लिए सफल 110 अभ्यर्थी होंगे सम्मानित
- ओलंपियाड में शामिल पदाधिकारी प्रोफेसर भी होंगे पुरस्कृत

कहा। साथ ही कई निर्देश दिये गये।

को परेशानी हो रही है।

बिहार मैथमेटिकल सोसायटी ने डीईओ को सम्मानित

लखीसराय। बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के जिला संयोजक डॉ विजय कुमार ने सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संजय कुमार सिंह, डॉ विजय कुमार, अरविंद कुमार भारती जिला संयोजक व डॉ संजय कश्यप ने सम्मिलित रूप से मिशन गुणवत्ता समिति के वरीय सदस्य एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष को भी मोमेंटो और प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। डॉ विजय कुमार ने गणित के सरलीकरण पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

डीइओ को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र दे सम्मानित करते एसके भारती व डॉ मंजय कश्यप .

मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र दे किया सम्मानित

लखीसराय. बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के संयोजक डॉ विजय कुमार के द्वारा सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. डीइओ संजय कुमार सिंह, डॉ विजय कुमार, जिला संयोजक अरविंद कुमार भारती एवं डॉ मंजय कश्यप ने सम्मिलित रूप से मिशन गुणवत्ता समिति के वरीय सदस्य एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुनींद्र झा को भी मोमेंटो और प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर डॉ विजय कुमार संयोजक ने गणित के सरलीकरण और सरलीकरण पर प्रकाश डालते हुए विस्तारपूर्वक जानकारी दी. मिशन गुणवत्ता समिति एवं मैथमेटिकल सोसाइटी के क्रियाकलापों के बारे में उन्होंने विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा उपलब्धियों को बताया. डीइओ सिंह ने मैथमेटिकल सोसाइटी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की.

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विकास के लिए रेलवे की ओर से दिया जायेगा अपेक्षित सहयोग : त्रिवेदी

पटना ■ नबिटा संवाददाता

बिहार मैथमेटिकल सोसाइटी एवं पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज शनिवार को पटना स्थित अधिकारी क्लब मे टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल में सफल अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। इस ओलम्पियाड में कक्षा 6 से 12 के लिए सफल 110 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाना है। इसके अतिरिक्त ओलंपियाड के लिए आनलाईन प्रशिक्षण मे सम्मिलित जिला पदाधिकारी, प्रोफेसर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सदस्य बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर एवं अन्य विशिष्ट अतिथि को सम्मानित किया जायेगा। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ललित चन्द्र त्रिवेदी जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व पुलिस महानिदेशक अभयानंद, पश्चिम चंपारण के जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार, पद्म एच सी वर्मा, प्रो के सी सिन्हा, प्रो बिन्दु सिंह, राजेश कुमार, प्रो डी एन सिंह, प्रो बी. जी. प्रसाद, प्रो तपन कुमार शांडिल्य, प्रो अजहर हुसैन, प्रो शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि हैं। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री त्रिवेदी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विकास के लिए सोसाइटी को रेलवे की ओर से अपेक्षित सहयोग दिया जायेगा। प्रो के सी सिन्हा ने कहा कि ओलम्पियाड एवं टैलेंट नरचर कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के बच्चों मे प्रतिभा को खोजकर गणितीय अभिरूचि पैदा करना एवं प्रशिक्षण देकर प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयार करना है। डॉ अरूण दयाल एवं डॉ आशुतोष कुमार ने कहा कि बिहार मैथमेटिकल सोसाइटी के जिला स्तरीय शिक्षा समिति के अध्यक्ष जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संयोजक जिन्होंने प्रशिक्षण मे सहयोग दिया है उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा। ओलंपियाड में चयनित अभ्यर्थियों में प्रत्येक कक्षा से प्रथम तीन टापर को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक के साथ प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि एवं शेष को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

@pky

Organised by
BIHAR MATHEMATICAL SOCIE
BHAGALPUR
IN COLLABORATION WITH EAST CENTRAL RAILWAY,
CHIEF GUEST
GUEST OF HONOUR

दैनिक जागरण
पटना, 4 अप्रैल, 2021
www.jagran.com
कैंपस जागरण

मैथेमेटिकल ओलंपियाड में सफल 110 छात्र किए गए सम्मानित

जास, पटना : बिहार मैथेमेटिकल सोसाइटी एवं पूर्व-मध्य रेलवे, हाजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में महेंद्रू घाट स्थित पूर्व-मध्य रेलवे के अधिकारी क्लब में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिकल ओलंपियाड में सफल 110 छात्रों को सम्मानित किया गया। सभी सफल अभ्यर्थी कक्षा छह से 12 के छात्र हैं।

इस अवसर पर ओलंपियाड के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण में शामिल जिला शिक्षा पदाधिकारी, गणित विशेषज्ञ, सदस्य बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि व पूर्व पुलिस महानिदेशक अभयानंद ने वेबिनार के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि गणित की उपयोगिता सभी विषयों में है। दरअसल, गणित एक भाषा है। यदि भाषा समझ में आ गई तो दुनिया की किसी भी समस्या का निदान संभव है। आइआइटी कानपुर के पूर्व प्रोफेसर और पद्मश्री एचसी वर्मा ने भी ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई सोचने वाले सेल को जागृत करता है। सेल जागृत होने पर हम लगातार आगे बढ़ते जाते है। लिहाजा, बच्चों को सोचने का अवसर देने की आवश्यकता है। प्रो. केसी मिन्हा ने कहा कि वर्ष 1958 से गणित के रिसर्च, ओलंपियाड परीक्षा एवं टैलेंट कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा है। बिहार मैथेमेटिकल सोसाइटी के महासचिव प्रो. डीएन सिंह ने बताया कि सोसाइटी द्वारा कक्षा छह से 12, बीएससी, एमएससी एवं सिविल सेवा और नेट इत्यादि की तैयारी कराई जाएगी।

सोसाइटी के डॉ. विजय कुमार ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि रहे पूर्व-मध्य रेलवे के जीएम ललित चंद्र त्रिवेदी ने गणितीय अभिरुचि बढ़ाने की दिशा में हर प्रकार का सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा, ओलंपियाड में कक्षा छह से छठवीं कक्षा से 15 सफल अभ्यर्थियों में से प्रथम तीन को स्वर्ण, कांस्य और रजत पदक के साथ, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर डीएन शर्मा, प्रो. अजहर हुसैन, डॉ. अरुण दयाल, डॉ. प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, डॉ. राकेश कुमार और मनोज कुमार मौजूद रहे।

आयोजन

- बिहार मैथेमेटिकल सोसाइटी व पूर्व मध्य रेलवे की ओर से अधिकारी क्लब में आयोजित हुआ सम्मान समारोह
- सम्मानित हुए सभी सफल अभ्यर्थी कक्षा छह से 12 तक के हैं छात्र, गणितीय अभिरुचि बढ़ाने की हुई वकालत

15 सफल अभ्यर्थियों को पदक देकर किया गया सम्मानित, वे कक्षा छह से 12वीं तक के थे छात्र

1958 से गणित के रिसर्च ओलंपियाड परीक्षा व टैलेंट कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन

महेंद्रू स्थित रेलवे के अधिकारी क्लब में आयोजित सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी व अन्य अतिथि। • जागरण

सम्मान समारोह के दौरान नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। • जागरण

विना प्रशिक्षण के मिल गया प्रशिक्षित वेतनमान

राज ब्यूरो, पटना : प्रदेश के प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों को भी प्रशिक्षित वेतनमान का भुगतान कर दिया गया है। जिन्हें सरकार द्वारा संचालित संवर्द्धन [illegible] नहीं किया है। ऐसे शिक्षकों की संख्या 10 हजार से ज्यादा बताई जाती है। शिक्षा विभाग ने इसे नियमों [illegible] अनियमितता का मामला मानते [illegible] सभी जिलों से रिपोर्ट तलब की है। जिम्मेदार अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। विभाग ने जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों एवं वि[illegible] अवर निरीक्षकों से यह रिपोर्ट को कहा है कि ऐसे कितने [illegible] होंगे, जिन्हें बिना संवर्द्धन को प्रशिक्षित वेतन दिया गया। [illegible] के अनुपालन के लिए प्राथमिक [illegible] निदेशक डॉ. रणजीत कुमार [illegible] स्पष्ट आदेश भी जारी किया [illegible]

कल से भरे जा सकेंगे इंटर कंपार्टमेंटल परीक्षा के फार्म

बिहार बोर्ड की वेबसाइट पर दस तक ऑनलाइन होगा आवेदन

गर्मी की छुट्टी में भी खुला रहेगा पटना विश्वविद्यालय

जागरण संवाददाता, पटना : गर्मी की छुट्टी में भी पटना विश्वविद्यालय में कक्षाएं व परीक्षाएं सामान्य रूप से चलेंगी। यह निर्णय शनिवार को कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी व

होंगी परीक्षाएं

- पटना विवि के कुलपति ने की पूटा के साथ बैठक, शैक्षणिक सत्र नियमित करने को हुआ निर्णय

समाचार सार

स्कॉलर्स अवॉड स्कूल में स्कॉलरशि[illegible] परीक्षा में 61 विद्यार्थियों का हुआ च[illegible]

जर में

ाओं को दिया जाएगा
त्पादन का प्रशिक्षण
के बेरोजगार युवक-
लिए मीरापुर कृषि
स्थान में मशरूम
प्रशिक्षण दिया जाएगा।
दो दिनों का होगा।
नीय निदेशक डॉ. एमडी
कि कोई भी युवक-
हुकर प्रशिक्षण प्राप्त
प्रशिक्षण के उपरांत
थि विश्वविद्यालय का
न किया जाएगा। डॉ.
मशरूम की माग
बढ़ रही है। ऐसे में
उत्पादन के क्षेत्र में
रोजगार प्राप्त कर
सकें।

थगित की
टी की परीक्षा
ा टेस्टिंग एजेंसी
ल रिक्रूटमेंट प्रोग्राम इन
रीआइटी) की आगामी
आयोजित होने वाली
न स्थगित कर दी गई
पश्चिम बंगाल में चुनाव
या गया है। एजेंसी द्वारा
बाद में छात्रों को प्रदान
सकें।

ा बढ़ाने के नाम

बिहार मैथेमेटिकल ओलंपियाड में वजीरगंज के बच्चों ने लहराया परचम

हुर्दित्य ने स्वर्ण एवं लूसेन ने कांस्य पदक जीता

नवबिहार दूत संवाददाता

वजीरगंज (गया): बिहार मैथमेटिकल सोसायटी पटना के तत्वावधान में 12 जनवरी 2021 को वर्ग 6 से 12 वीं तक के लिए ऑनलाइन मैथ ओलंपियाड का आयोजन किया गया था, जिसका परिणाम 20 जनवरी 2021 को घोषित किया गया। इस परिणाम के अनुसार प्रत्येक कक्षा से 30-30 बच्चों का चयन किया गया था, जिसमें गया जिले कें 20 बच्चों का चयन हुआ था। इन चयनित बच्चों का पुनः दिनांक 25 जनवरी 2021 से 31 जनवरी 21 तक साक्षात्कार लिया गया था और अंतिम रूप से प्रत्येक कक्षा से 15-15 बच्चों का चयन किया गया जिसका अंतिम परिणाम 1 फरवरी 21 को घोषित किया गया था। इस प्रकार पूरे बिहार प्रदेश के कुल 105 बच्चों का चयन किया गया है ,जिसमें से गया जिले के 12 बच्चों ने बाजी मारी है जिसमें वजीरगंज प्रखंड के तीन छात्रों ने प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त कर वजीरगंज क्षेत्र का नाम रौशन किया है । वजीरगंज के सिन्हा कॉलोनी निवासी तनय सिंह के पुत्र एवं संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के 7 वीं कक्षा के छात्र हुर्दित्य सिंह पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर वजीरगंज के लोगों का मान बढ़ाया

है। इसी कड़ी में सिन्हा कॉलोनी निवासी दिनकर जी के पुत्र एवं जीडी गोएंका स्कूल गया के छठे वर्ग का छात्र लूसेन ने पूरे बिहार में तीसरा स्थान एवं वजीरगंज के ही सिन्हा कॉलोनी निवासी मनोज कुमार कर्ण के पुत्र व लिट्रेटी पब्लिक स्कूल के कक्षा आठ के छात्र ऋत्विक ने 7वाँ स्थान प्राप्त किया है। बिहार मैथेमेटिकल ओलंपियाड के द्वारा शनिवार को पटना में आयोजित छात्र सम्मान समारोह के दौरान हुर्दित्य सिंह को स्वर्ण , लूसेन को कास्य पदक दिया गया एवं ऋत्विक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इन छात्रों की सफलता पर वजीरगंज क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने बधाई दी है।

बिहार मैथेमेटिकल ओलंपियाड में वजीरगंज के बच्चों ने लहराया परचम

मु0 की शान, संवाददाता
रीना शर्मा

वजीरगंज (गया): बिहार मैथमेटिकल सोसायटी पटना के तत्वावधान में 12 जनवरी 2021 को वर्ग 6 से 12 वीं तक के लिए ऑनलाइन मैथ ओलंपियाड का आयोजन किया गया था, जिसका परिणाम 20 जनवरी 2021 को घोषित किया गया। इस परिणाम के अनुसार प्रत्येक कक्षा से 30-30 बच्चों का चयन किया गया था, जिसमें गया जिले कें 20 बच्चों का चयन हुआ था। इन चयनित बच्चों का पुनः दिनांक 25 जनवरी 2021 से 31 जनवरी 21 तक साक्षात्कार लिया गया था और अंतिम रूप से प्रत्येक कक्षा से 15-15 बच्चों का चयन किया गया जिसका अंतिम परिणाम 1 फरवरी 21 को घोषित किया गया था। इस प्रकार पूरे बिहार प्रदेश के कुल 105 बच्चों का चयन किया गया है ,जिसमें से गया जिले के 12 बच्चों ने बाजी मारी है जिसमें वजीरगंज प्रखंड के तीन छात्रों ने प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त कर वजीरगंज क्षेत्र का नाम रौशन किया है । वजीरगंज के सिन्हा कॉलोनी निवासी तनय सिंह के पुत्र एवं संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के 7 वीं कक्षा के छात्र हुर्दित्य सिंह पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर वजीरगंज के लोगों का मान बढ़ाया है इसी कड़ी में सिन्हा कॉलोनी निवासी दिनकर जी के पुत्र एवं जीडी गोएंका स्कूल गया के छठे वर्ग का छात्र लूसेन ने पूरे बिहार में तीसरा स्थान एवं वजीरगंज के ही सिन्हा कॉलोनी निवासी मनोज कुमार कर्ण के पुत्र व लिट्रेटी पब्लिक स्कूल के कक्षा आठ के छात्र ऋत्विक ने 7वाँ स्थान प्राप्त किया है। बिहार मैथेमेटिकल ओलंपियाड के द्वारा शनिवार को पटना में आयोजित छात्र सम्मान समारोह के दौरान हुर्दित्य सिंह को स्वर्ण , लूसेन को कास्य पदक दिया गया एवं ऋत्विक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया इन छात्रों की सफलता पर वजीरगंज क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने बधाई दी है।

FELICITATION CEREMONY
TSTM Olympiad Winner 2020 & Dignitaries
Organised by
BIHAR MATHEMATICAL SOCIETY
BHAGALPUR
IN COLLABORATION WITH EAST CENTRAL RAILWAY, HAJIPUR
CHIEF GUEST
GUEST OF HONOUR
SATURDAY
03 April 2021
(Time: 10:00AM)
EXECUTIVE COMMITTEE